तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


10 वीरेंद्र ने सकोरे भेंट कर दिया मतदान का संदेश


11 सालभर में एक हजार से अधिक कार्वाई, डेढ़ करोड़...

## खबर संक्षेप

### महिला सटोरिया गिरफ्तार

**भिलाई।** सट्टा खिलाते पुलिस ने महिला को गिरफ्तार किया है। महिला के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि रीता चौधरी नामक महिला के पास से पुलिस सट्टा पट्टी और नगदी 10 हजार, 9 मोबाइल जब्त किया है। महिला लंबे समय से सट्टा का अवैध कारोबार छावनी क्षेत्र में चला रही थी।

### नाबालिग से अनाचार कर गर्भवती किया, गिरफ्तार

**भिलाई।** नाबालिग को शादी जा झांसा देकर अनाचार कर गर्भवती करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि माह सितंबर 2023 में त्योहार के समय 14 वर्षीय नाबालिग को शादी का झांसा देकर धनेश्वर जांगड़े ग्राम पंचदेवरी निवासी अनाचार कर गर्भवती किया। शिकायत के बाद पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है।

### ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को कंफर्म बर्थ

**भिलाई।** बढ़ती गर्मी को लेकर रेलवे ने सफर करने वाले यात्रियों के लिए सुविधा बढ़ाई है। ट्रेनों में यात्रियो की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये उन्हें कंफर्म बर्थ अब मिलेगा। साथ ही यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए दुर्ग जबलपुर दुर्ग के मध्य 9 फेरों के लिए ग्रीष्म कालीन साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का शुरुआत किया जा रहा है। यह ट्रेन दुर्ग से 23 अप्रैल से 18 जून से प्रत्येक मंगलवार को ट्रेन नंबर 01702 के साथ जबलपुर के लिए रवाना होगी।

**अपराध :** देवकर तहसील क्षेत्र के परपोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम लुक की घटना

# ससुराल के खलिहान में दफ्न मिली चार दिन से लापता नवविवाहिता की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर/बेमेतरा

तहसील देवकर के परपोड़ी थाना इलाके के ग्राम लुक से एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। विगत सोमवार से लापता एक नवविवाहित महिला की लाश उनके ससुराल के खलिहान में दफन मिलने की खबर से गांव में हड़कम्प मच गया। इस मामले में हत्या की आशंका जताई जा रही है। वहीं, सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पहुंची परपोड़ी पुलिस ने खलिहान में दफन नवविवाहिता के शव को बरामद कर जांच व तफ्तीश शुरू कर दी है। बता दें कि इस घटना के बाद से महिला का पति फरार है, जिस पर परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं।

परपोड़ी थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम कुरलू निवासी 22 वर्षीया युवती रेशमी वर्मा का विवाह लुक गाँव निवासी तुलसी वर्मा के पुत्र ओमप्रकाश वर्मा से बीते फरवरी माह में हुआ था। अचानक नवविवाहिता महिला बीते सोमवार की सुबह से लापता बताई जा रही थी, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट परिजनों ने परपोड़ी थाने में दर्ज कराई थी। किन्तु इसी बीच कल सुबह को अचानक पुलिस को सूचना मिली कि लूक गाँव से लापता महिला का शव उसके ससुराल से लगे खलिहान में ही दफन है। सूचना पर देवकर तहसीलदार केआर वासनिक एवं परपोड़ी पुलिस प्रभारी ओपी साहू की संयुक्त टीम की देखरेख में खलिहान की खुदाई की गई। खुदाई में शव मिला, जिसे बाहर निकलवाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने शव की पहचान लापता महिला रेशमी वर्मा के रूप में की। वहीं, शव का पोस्टमार्टम कर फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया है।

**खास बातें**

- घटना के बाद से मृतका का पति भी गायब, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप
- परपोड़ी थाने में लिखाई गई थी गुमशूदगी की रिपोर्ट



**लापता होने से पहले परिजनों से की थी सामान्य बातचीत**

बताया जा रहा है महिला ने लापता होने के पूर्व अपने मायके में सामान्य बातचीत की थी। वहीं रात को अचानक इस तरह हुए घटनाक्रम से परिजन स्तब्ध हैं। उधर, घटना के बाद से ही उसके पति के गायब होने से हत्या की आशंका गहरा गयी है। जिस पर जल्द ही परपोड़ी पुलिस द्वारा घटनाक्रम से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जांच शुरू कर दी गयी है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी तक पहुंचकर गुत्थी सुलझा ली जाएगी।



## कब्र खोदकर निकाली लाश, पोस्टमार्टम में हत्या का खुलासा, आरोपी पति गिरफ्तार

**बेमेतरा।** शहर के माता भद्रकाली वार्ड में 22 वर्षीय विवाहिता आसिफा परवीन शेखानी की संदिग्ध मौत का मामला हत्या का निकाला। हत्या का मास्टरमाइंड मृतका का पति ही निकला, जिसने अपने रिश्तेदार और दोस्त के साथ मिलकर इस हत्या को अंजाम दिया। इतना ही नहीं इसे एक स्वाभाविक मौत की बात कहते हुए मुस्लिम रीति रिवाज से अंतिम संस्कार भी कर दिया। परिवार जनों एवं समाज की आशंका के बाद कब्र खोदकर मृतका का पोस्टमार्टम कराया गया, जिससे मामले का खुलासा हुआ। दोनों आरोपी, पति शहजादा शेखानी और उसके दोस्त मुस्तकीम शेखानी पर पुलिस ने हत्या करने के अपराध में धारा 302 का मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा दिया गया। गुरुवार को सिटी कोतवाली में एसडीओपी मनोज तिर्की, थाना प्रभारी चंद्रदेव वर्मा ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि बीते रविवार 14 अप्रैल मृतका आसिफा के परिवार व सामाजिक ▶▶|शेष पेज 10 पर

- दोस्त के साथ मिलकर गला दबाकर कर दी थी हत्या, दोनों भेजे गए जेल

# चोरी के दोपहिया वाहन समेत एक युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय स्थित शासकीय शराब दुकान से चोरी हुई मोटर साइकिल पुलिस ने बरामद कर लिया है। दोपहिया वाहन चोरी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध धारा 379 भादवि का अपराध दर्ज करने की कारवाई की है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रार्थी मोहर दास चेलक पिता कुंवर सिंह उम्र 50 साल ग्राम फरी ने 13 अप्रैल रिपोर्ट दर्ज कराया कि 12 अप्रैल की रात 9 बजे वह अपनी मोटर सायकल प्लेटिना क्रमांक सीजी 25 डी-2036 में शराब भट्टी गया था। भट्टी कोबिया के पास मोटर सायकल खड़ी कर शराब खरीदने गया। चाबी गाड़ी में ही भूल गया था। शराब खरीद कर वापस आकर देखा तो मोटर सायकल उक्त जगह पर मौजूद नहीं है। जिस पर अज्ञात व्यक्ति पर चोरी करने का अपराध धारा 379 भादवि कायम कर विवेचना लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस स्टाफ को मुखबिर से सूचना मिला की एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में टेमरी के पास घूम रहा है। उक्त सूचना पर मौके पर पहुंचकर टेमरी में घेराबंदी कर व्यक्ति को पकड़ा गया। जिससे पूछताछ करने पर अपना नाम इरफान मेमन पिता स्व. युनूस मेमन उम्र 30 साल सिविल लाईन कांजी हाऊस सिमगा थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार का रहने वाला बताया ।आरोपी ने दोपहिया वाहन देशी शराब भट्ठी बेमेतरा से चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी से उक्त वाहन बरामद कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है । कार्रवाई में थाना सिटी कोतवाली प्रभारी चंद्रदेव वर्मा, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, प्रधान आरक्षक पवन सिंह, रविन्द्र तिवारी, विनोद पात्रे, आरक्षक देवेन्द्र साहू एवं अन्य थाना, सायबर सेल स्टाफ शामिल रहा।

- शराब दुकान से हुई थी बाइक चोरी

**पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411



## खबर संक्षेप

### कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र कल दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र में करेंगे जनसंपर्क

**अंडा।** लोकसभा दुर्ग के कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू 20 अप्रैल को दुर्ग ग्रामीण ब्लाक के विभिन्न ग्रामों में जनसंपर्क करेंगे। प्रदीप चंद्राकर अध्यक्ष, ब्लाक कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण और टिकेश्वरी लाल देशमुख प्रभारी दुर्ग ग्रामीण विधान सभा ने बताया कि 20 अप्रैल को नुक्कड़ सभा का आयोजन किया जाना है। उन्होंने कार्यक्रम में संगठन के समस्त पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं सभी ग्रामीणों से शामिल होने का आग्रह किया है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि लोकसभा प्रत्याशी राजेंद्र साहू दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मोहलाई से जनसंपर्क अभियान की शुरुआत करेंगे। उसके बाद नगपुरा, बोरई, रसमड़ा, अंजोरा, थनौद, तिरगा सहित क्षेत्र के विभिन्न गांवों में लोगों से मुलाकात कर अपने पक्ष में मतदान की अपील करेंगे।



### पीएम श्री स्कूल विनायकपुर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आज

**अंडा।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर में आज 19 अप्रैल को आर्गेनाइजिंग हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों की स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक, नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, सामान्य विशेषज्ञ के साथ निकुम अस्पताल के स्टाफ के साथ ही विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ देवेन्द्र बेलचंदन विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। साथ में शिक्षा विभाग से जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा, जिला मिशन समन्वयक सुरेन्द्र पाण्डेय, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गोविन्द साव, बीआरसीसी श्रवण कुमार सिन्हा उपस्थित रहेंगे। शाला के प्रधान पाठक टीकेन्द्र कुमार चन्द्राकर एवं स्टाफ एवं ग्राम पंचायत के सरपंच ललिता भूषण गजपाल ने पालकों से अपील की है कि अपने बच्चों को लेकर स्कूल आएं और बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण में अपनी सहभागिता ज़रूर दें।

### नाबालिग से अनाचार कर गर्भवती किया, गिरफ्तार

**भिलाई।** नाबालिग को शादी जा झांसा देकर अनाचार कर गर्भवती करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि माह सितंबर 2023 में त्योहार के समय 14 वर्षीय नाबालिग को शादी का झांसा देकर धनेश्वर जांगड़े ग्राम पंचदेवरी निवासी अनाचार कर गर्भवती किया। शिकायत के बाद पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है।

## निधन

### झग्गर सिंह महतो

**गुण्डरदेही।** कलंगपुर निवासी झग्गर सिंह महतो 82 वर्ष का गुरूवार को निधन हो गया। वे गांव के प्रतिष्ठित नागरिक व शिक्षक भोलेश महतो तथा रामेश्वर महतो के पिता जी थे। उनका अंतिम संस्कार आज 19 अप्रैल शुक्रवार को किया जाएगा।



**कार्यक्रम :** बेलहारी परिक्षेत्र साहू समाज ने किया मां कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन, वक्ताओं ने कहा-

# व्यक्ति को योग्य बनाने में घर-परिवार व समाज की होती है महत्वपूर्ण भूमिका





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

बेलहारी परिक्षेत्र साहू समाज एवं ओद्रागहन स्थानीय साहू समाज के संयुक्त तत्वावधान में परिक्षेत्र स्तरीय भव्य कर्मा जयंती समारोह ओद्रागहन में आयोजित हुआ। मुख्यवक्ता साहू समाज दुर्ग जिला नंदलाल साहू थे, अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष दिनेश साहू ने की। कार्यक्रम की शुरूआत कलशयात्रा के साथ की गई। इसमें पीले वस्त्र धारण कर बड़ी संख्या में मातृशक्ति शामिल हुईं। स्वागत भाषण परिक्षेत्र अध्यक्ष टेसराम साहू ने दिया।

मुख्यवक्ता दुर्ग जिला अध्यक्ष नंदलाल साहू ने कहा कि व्यक्ति की पहचान घर परिवार समाज से होते हुए खुद की काबिलियत से होती है।माता कर्मा त्याग की मूरत थी त्याग साधना की महामूरत माता कर्मा की आदर्शो पर चलकर अपना और समाज देश का भला कर सकते है। साहू समाज में आज जितने लोग ऊंचे पदों पर आसीन है समाज का अमिट योगदान उनके ओहदे के साथ साथ गतिमान रहता है। इस बात को किसी को भी नहीं भूलना चाहिए। यदि यह भूल किसी से होती है तो वह उसका नुकसान भी उठाता है। लोग उन्हे अच्छे –ष्टि से नही देखते ओहदे से उतरने के बाद मान सम्मान की स्थिति बद से बदतर होने लगती है। जिसके जिम्मेदार स्वय उनका ना समझ व्यवहार ही होता है।





### वाणी व्यक्तित्व में निखार लाती है

साहू समाज तहसील अध्यक्ष दिनेश साहू कार्यकारी अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने कहा कि वाणी व्यक्तित्व में निखार लाती है। वाणी ज्ञानी और अज्ञानी की पहचान कराती है। आपकी वाणी आपको किसी से दूर कर सकती है और किसी को पास ला सकती है। उन्होंने कहा कि वाणी में मिठास होनी चाहिए आप स्वयं कोयल की आवाज पसंद करेंगे या कौवा की जो आपको पसंद है ऐसी वाणी का चुनाव कर लीजिए और स्वयं भी वैसी वाणी बोलिए स्नेह का मिठास घोलिए। जैसा कर्म करेगा बंदे वैसा फल देगा भगवान को सदा ध्यान रखे तो साजिश से परे जीवन जीने की कला स्वमेव जीवन में समाहित होने लगेगी। माता कर्मा का आशीर्वाद मिलता रहेगा।

### समाज की प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

कार्यक्रम के दौरान समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। उत्कृष्ट प्रतिभाशाली 12 वीं में सफल भूमिका दीपक चुनिता एवं 10 वी में सफल वैशाली रिंकी लीला का सम्मान समाज ने गर्व के साथ किया। इसी तरह कलश प्रतियोगिता में रामेश्वरी साहू, केकती साहू, बसंती साहू, डिम्पल साहू, खिलेश्वरी साहू ओदरागहन का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में 18 इकाई के साहू समाज सदस्य उपस्थित थे, जिनका सराहनीय सहयोग रहा। परिक्षेत्र अध्यक्ष टेसराम साहू, स्थानीय साहू समाज अध्यक्ष नरेंद्र साहू ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रिका साहू, प्रदेश प्रतिनिधि अश्वनी साहू, तहसील कार्यकारी अध्यक्ष लालेश्वर साहू, जिला उपाध्यक्ष दिव्या कलिहारी एवं कृष्णा साहू, जिला प्रतिनिधि गंगादीन साहू, तहसील महासचिव खेमलाल साहू, उपाध्यक्ष डा गुलाब साहू, तहसील प्रतिनिधि कमलेश साहू, संगठन सचिव किशोर साहू, उपाध्यक्ष सरिता साहू, संयोजक धनराज साहू, बेलहारी परिक्षेत्र अध्यक्ष टेसराम साहू, कोषाध्यक्ष नारद साहू, उपाध्यक्ष जीवधन साहू एवं कोमीन साहू, सचिव छगन साहू, स्थानीय अध्यक्ष नरेंद्र साहू, मंचासीन रहे।



### चिलमगोटा में नवरात्रि पर हुआ एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ

**डौंडीलोहारा।** ब्लाक के वनांचल ग्राम चिलमगोटा में नवरात्रि के अवसर पर अखिल भारतीय गायत्री परिवार द्वारा एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं एवं गायत्री परिवार के सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर पुंसवन संस्कार एवं मुंडन संस्कार का आयोजन किया गया। चुन्नी कोरटिया, उषा टंडिया, तिजिया भंडारी, भोज बाई भंडारी, टीकेश्वरी ने अपने बच्चों का मुंडन संस्कार और पुंसवन संस्कार कराया। इसमें आचार्य केजुराम, कैलाश बारला एवं तोरण लाल किरसान का विशेष योगदान रहा।



### रामनवमी पर चीचा में हुआ भंडारा



**अंडा।** रामनवमी के उपलक्ष्य में ग्राम चीचा में प्लास्टिक मुक्त स्टील थाली गिलास में पूरा ग्रामवासियों को भंडारा में भोजन कराया गया। इस गांव में किसी भी समाज में कुछ भी कार्यक्रम होता है तो यहां पतरी, डिस्पोजल का उपयोग नहीं होता। सभी ग्रामवासियों ने प्लास्टिक मुक्त करने का संकल्प लिया है। कार्यक्रम के दौरान लगभग 2000 लोगों को भोजन कराया गया। इसमें विनय साहू, कमलेश साहू, तेजराम साहू, मुकेश विश्वकर्मा व गोकुल सिन्हा का विशेष सहयोग रहा।

## वीरेंद्र ने सकोरे भेंट कर दिया मतदान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पर्यावरण प्रेमी वीरेंद्र सिंह ने डोंडी में लोगों को मिट्टी के सकोरे भेंट कर 26 अप्रैल को मतदान करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बढ़ती गर्मी के कारण पक्षियों के लिए दाना, पानी की व्यवस्था करने के लिए राहगीरों, कॉलेज के छात्रों को मिट्टी के सकोरे भेंट किया गया। इसके साथ ही लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए 26 अप्रैल को आवश्यक रूप से मतदान करने का आग्रह किया गया। लोगों से कहा गया कि स्वयं तो मतदान करना ही है साथ ही अपने परिवार तथा आसपास के लोगों, दोस्तों और रिश्तेदारों को भी मतदान के लिए प्रेरित करना है। श्री सिंह ने कहा कि मतदान करना हमारा अधिकार ही नहीं, बल्कि कर्तव्य भी है।






## रजोली शक्तिकेंद्र में पुष्पेंद्र ने की भाजपा प्रत्याशी भोजराज को जिताने की अपील

### शक्तिकेंद्र संयोजक, सहसंयोजक व कार्यकर्ताओं के साथ आमजन से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

भाजपा मंडल गुण्डरदेही के शक्तिकेंद्र रजोली में भाजपा नेता व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने शक्तिकेंद्र संयोजक, सहसंयोजक व सभी कार्यकर्ताओं के साथ चाय पे चर्चा कार्यक्रम के तहत आमजनों से संवाद किया तथा सभी से लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने की अपील की।

पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि मोदी ने अपनी गारंटी पूरी कर दी है। प्रति क्विंटल 3,100 रुपये में धान हम लोगों ने बेचा है, दो साल का बकाया बोनस भी मिल गया है। डबल इंजन की सरकार का फायदा ही फायदा है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में प्रदेश अब विकास की ओर अग्रसर है। एक बार फिर श्री मोदी को प्रधानमंत्री बनाकर पुनः डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए आप सभी अपना आशीर्वाद दें और कांकेर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग को विजयी बनाने में सहयोग करें।

इस दौरान अश्वनी यादव, देवनारायण सिन्हा, मिलन साहू, गोरे सिन्हा, पुरसोतम साहू, त्रयोदय, मुकेश, गोविन्दा बघेल, वाग़िश बघेल सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बोरई में राम जन्मोत्सव पर बांटा खीर-पूड़ी का प्रसाद



**अंडा।** ग्राम बोरई में राम जन्मोत्सव का पर्व रामनवमी श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य में सुबह शरबत एवं खीर-पूड़ी का वितरण किया गया। इसके साथ ही भागवताचार्य बहन मीनाक्षी वैष्णव का भी जन्म दिवस केक काटकर और मिठाई खिलाकर मनाया गया। कार्यक्रम में सरपंच पदमा बाई साहू जनपद सदस्य भाना ठाकुर पूर्व जनपद सदस्य शिव कुमारी वैष्णव संतोष सिंह शिक्षक पवन साहू राजू यादव गोविंद साहू शत्रुघ्न साहू संतोष यादव जितेंद्र गुप्ता अश्वनी साहू तुषार साहू पार्थ यादव तामेश्वर साहू चुन्नीलाल सिंह नगीना ढीमर मुकुंद यादव संदीप यादव महेंद्र मोनू साहू उपस्थित थे।

## जनपद सदस्य ममता कांग्रेस प्रत्याशी बीरेश को जिताने कर रहीं अपील



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

लोकसभा चुनाव में मतदान की तिथि नजदीक आने के साथ ही प्रत्याशियों के साथ ही पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता चुनाव प्रचार में लगे हैं। वे गांव-गांव जाकर लोगों से अपने पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। इस कड़ी में जनपद सदस्य ममता निजानंद चंद्राकर अपने जनपद क्षेत्र के ग्रामों में पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात कर रही हैं। इस दौरान वे कांग्रेस प्रत्याशी बिरेश ठाकुर के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रही हैं।

पेज 9 का शेष...

### कब्र खोदकर निकाली...

जनों ने मृतका के पति शहजादा पर हत्या का आरोप लगाया था। उसके बाद कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में कब्र खोदकर आसिफा के शव को बाहर निकाला गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए रायपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां से डॉक्टरों की टीम ने महिला की मृत्यु गला दबाने के कारण दम घुटने से होना बताया। महिला का पति शहजाद शेखानी कबाड़ी का कारोबार करता है। महिला की शादी करीब 4 साल पहले युवक से हुई थी। महिला के दो बच्चे हैं।

**आरोपी ने कबूला दोस्त के साथ मिलकर की हत्या-** पत्रकारों के बीच खुलासा करते हुए एसडीओपी व थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को रविवार को हिरासत में ले लिया था। पूछताछ में आरोपी शहजादा शेखानी पिता आरिफ उम्र 26 साल वार्ड नंबर 18 बाजार पारा ने पूछताछ करने बताया कि एक वर्ष पूर्व से जब भी काम से बाहर जाता था तब उसकी पत्नी अपने मायके चली जाती थी, जो उनके घर के पास ही है। इसके साथ ही उसने आरोप लगाया कि वह उनके माता-पिता की सेवा व इज्जत नहीं करती थी। वहीं, उस पर दूसरी महिला के साथ अवैध संबंध होने का शक करती थी और हमेशा ताना मारती थी। इन्हीं बातों से परेशान होकर उसने अपने दोस्त और रिश्तेदार मुस्तकिम शेखानी के साथ मिलकर गला दबाकर हत्या करने की योजना बनाई। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों ने अगले दिन मृतका के कफन-दफन के पूर्व नहलाने की रस्म के दौरान हत्या के समय पहने उसके कपड़े व पैर बांधने में उपयोग किए गए दुपट्टा को शिवनाथ नदी अमोरा घाट के ऊपर पुल से नीचे बहते पानी में फेंक दिया। वहीं, आरोपी से घटना में प्रयुक्त दो जोड़ी ग्लब्स को बरामद कर जब्त किया गया है।

**मार्केट में उधारी, रकम चुकाने की शर्त पर हत्या को तैयार हुआ मुस्तकीम-** पुलिस से पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मुस्तकीम की मार्केट में काफी उधारी थी। उधारी की रकम को चुकाने के बदले उसकी पत्नी की हत्या करने में सहयोग के लिए वह तैयार हो गया। आरोपी ने बताया कि 11 अप्रैल को ईद के दिन उसकी पत्नी आसिफा ने अपने घर में ईद नहीं मनाई, बल्कि अपने मायके चली गई और रात को घर आयी। इससे नाराज शहजादा ने मुस्तकिम उर्फ साहिल के साथ मिलकर ईद के दूसरे दिन 12 अप्रैल की रात में आसिफा का गला दबाकर हत्या कर दी। कुछ देर बाद आरोपी ने अपने रिश्तेदारों को घर जाकर एवं फोन के माध्यम से अपने घर बुलाया और आसिफा की मौत की जानकारी दी। आरोपी ने बताया कि उसे रात में चाय बनाने के लिए कहा, तो उसने कुछ बेचैनी लगने की बात कही और कुछ देर बाद बेहोश हो गई थी।

**महावीर भवन में संत ऋषभ सागर जी ने दिया प्रवचन**

# बच्चों को साधनों से नहीं विचारों से सशक्त बनाएं

बालोद। महावीर भवन में चल रहे 5 दिवसीय शिविर में संत ऋषभ सागरजी म सा ने कहा कि व्यापार के क्षेत्र में तो हम प्लानिंग करते हैं, किंतु परिवार के क्षेत्र में प्लानिंग नहीं होती। उन्होंने बच्चों की परवरिश एवं संस्कार को लेकर अपनी बातें रखी।

उन्होंने कहा कि अति सर्वत्र वर्जते, बच्चों को आत्म निर्भर बनाने के लिए उन्हें सही मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। बच्चों को क्या सुविधा देना कब देना और कितना देना ये ध्यान रखने की चीजें है। अति सुविधाएं व्यक्ति को पंगु बना देता है, विपरीत परिस्थितियों को झेल नहीं पाता, सुविधाएं कम होने पर क्रोध एवं अशान्ति आने लगती है। बच्चों को मजबूत बनाना या मजबूर बनाना है यह निर्णय हमें ही लेना होगा। उन्होंने कहा कि पुराने समय में 25 वर्ष की उम्र तक ब्रम्हचर्य आश्रम में रखा जाता था, जहां सीमित साधनों में रखकर प्रतिभा को उभारने का कार्य किया जाता था। अब परिस्थितियां एकदम विपरीत हो गई हैं, बच्चों को बचपन से सुविधाओं का आदी बनाया जा रहा है, जब ये सुविधाएं नही मिल पातीं, तो उनमें निराशा आ जाती है।



बच्चों को साधनों से नहीं, बल्कि विचारों से सशक्त बनाया जाना चाहिए। बचपन में डाले गए सदविचार एवं संस्कार उन्हें गलत राहों पर जाने से रोकते हैं। अतः बच्चों को समय दें, अच्छी बातों से प्रशिक्षित करें, जीवन में अनुशासन का महत्व समझाएं।

# मां महामाया मंदिर में तीन दिवसीय चैत्र नवरात्रि महोत्सव पर हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

माँ महामाया मन्दिर परिसर में चल रहे श्री शमी गणेश महामाया शारदा पर्यटन समिति के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय चैत्र नवरात्र महोत्सव का आयोजन नवरात्र के छठवें रोज से अष्ठमी तक किया गया। इसके तहत माता सेवा, रंगोली एवं माला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही प्रतिदिन शाम को श्रीधाम वृंदावन की भागवताचार्य लक्ष्मी निधि शर्मा के द्वारा प्रवचन दिया गया। महोत्सव का उद्घाटन आयोजन समिति के अध्यक्ष विकास धर दीवान ने किया। उन्होंने नवागढ़ के पुरातन इतिहास की जानकारी विस्तार पूर्वक दी और बताया कि किस प्रकार नवागढ़ राजा महाराजा का गढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी चाहते हैं कि नवागढ़ की इस धरोहर को और भी भव्य रुप देते हुए प्रदेश के साथ - साथ राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति मिले। आज समिति द्वारा आयोजित चैत्र नवरात्र महोत्सव एवं शारदीय नवरात्र में महाआरती के कार्यक्रम के दूर-दूर तक चर्चा होती है, जो हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने समिति के प्रत्येक आयोजन में प्रतिवर्ष प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी लोगो धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।



वहीं मंगलवार को महोत्सव के समापन अवसर पर भागवताचार्य लक्ष्मी शर्मा ने कहा कि देवी उपासना के पर्व चैत्र नवरात्र में इस तरह के धार्मिक आयोजन कर हमारी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए श्री शमी गणेश महामाया शारदा पर्यटन समिति द्वारा यह प्रयास सराहनीय है, इस तरह के लगातार आयोजन हरगांव नगर में होते रहने चाहिए ताकि जन-जन तक हमारे तीज-त्यौहारों व संस्कृति का विस्तार हो।

**विजेता प्रतिभागियों का किया गया सम्मान-** समारोह के अंतिम दिन रंगोली, माला व जसगीत सहित अन्य प्रतियोगिता के प्रतिभगियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बंशीधर दीवान, नरेंद्र शर्मा, देवादास चतुर्वेदी, मधु रॉय, मिंटू बिसेन, विनोद साहू, हेमकांत यादव, श्रीकांत ठाकुर, गिरेन्द्र महिलांग, रामनाथ योगी, शिव सोनकर, राजेन्द्र मिश्रा, सुरेश निषाद, प्रणय दीवान, कृष्णा ध्रुव, मिथलेश सोनकर, तारकेश्वरी सोनकर, सेवती पुरबिया, विनोद मिश्रा, भागवत सोनकर, राजा,जित्ते सहित नगरवासी उपस्थित रहे।

# सालभर में एक हजार से अधिक कार्रवाई, डेढ़ करोड़ जुर्माना वसूला फिर भी खदानें बेलगाम


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में खनिज विभाग ने रेत, मुरुम एवं गिट्टी के अवैध उत्खनन व परिवहन से जुड़े सालभर में एक हजार से अधिक प्रकरणों पर कार्रवाई की है। इस कार्रवाई के दौरान लगभग डेढ़ करोड़ रुपये का जुर्माना भी वसूला है, बावजूद रेत, मुरुम व पत्थर खदानों पर विभाग का नियंत्रण नहीं है। इन खदानों में अवैध उत्खनन का काम लगातार चल रहा है, जिसके कारण हर महीने करोड़ों के राजस्व का नुकसान हो रहा है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अप्रैल 2023 से लेकर 31 मार्च 2024 के दौरान खनिज विभाग ने जिलेभर में खनिजों के अवैध उत्खनन-परिवहन के एक हजार से अधिक प्रकरण सामने आये हैं। इन प्रकरणों में कुछेक प्रकरण में ही खदानों में अवैध व नियम विरुद्ध तरीके से उत्खनन करने के मामलों में कार्रवाई की गई है, जबकि शेष सभी प्रकरण में अवैध परिवहन में संलिप्त गाड़ियों को पकड़ा गया है। इसमें हाईवा एवं ट्रैक्टर ट्राली आदि वाहन शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार विभाग ने सालभर में एक हजार से अधिक प्रकरणों पर कार्रवाई करते हुए लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की राशि जुर्माना के रूप में वसूल की है।

### इन क्षेत्रों में की गई कार्रवाई

विभाग ने धरसींवा, विधानसभा, माना, मंदिर हसौद, सिलियारी, तिल्दा, आरंग, खरोरा, भनपुरी, उपरवारा, राखी व अभनपुर क्षेत्र में जांच अभियान चलाकर इन प्रकरणों पर कार्रवाई की है। कई प्रकरणों में विभागीय टीम ने रात में गश्त कर गाड़ियों को पकड़ा है।



फाइल फोटो

### करीब 300 मुरुम-गिट्टी व ईंट के प्रकरण

जिले में रेत के साथ मुरुम, गिट्टी व ईंट के अवैध परिवहन के मामलों में करीब 300 गाड़ियां पकड़ी हैं। इन गाड़ियों के मालिकों से भी जुर्माना वसूला गया है।

### अवैध रेत परिवहन के 700 से ज्यादा प्रकरण

जिले में सालभर में एक हजार से अधिक प्रकरणों पर कार्रवाई की गई है। इनमें सबसे ज्यादा रेत के अवैध परिवहन के प्रकरण हैं। सूत्रों के अनुसार इनकी संख्या 7 सौ से ज्यादा है। विभाग ने इन प्रकरणों में गाड़ियों को जब्त कर वाहन मालिकों से जुर्माना राशि वसूली है।

### खदानों में नहीं की जा रही कार्रवाई

सालभर में हुई कार्रवाई बताती है कि जिले की कई खदानों में रेत, पत्थर एवं मुरुम का अवैध उत्खनन का काम धड़ल्ले से जारी है। इन खदानों में अवैध उत्खनन होने के कारण ही जिले में खनिज सामग्री का अवैध परिवहन हो रहा है। हालांकि विभाग ने कार्रवाई में रायपुर के साथ दूसरे जिलों की गाड़ियों को भी पकड़ा है, जिनमें कई गाड़ी को रायपुर से दूसरे जिलों में परिवहन कर ले जाते समय पकड़ा है। इससे स्पष्ट है कि जिले में कई खदानों में अवैध उत्खनन का काम जारी होने के बावजूद इसे रोका नहीं जा रहा।

## खबर संक्षेप



### ई-रिक्शा में घूम-घूमकर मोबाइल लूट, नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार

**रायपुर।** ई-रिक्शा पर सवार होकर मोबाइल लूट की घटना को अंजाम देने के आरोप में पुलिस ने एक नाबालिग सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट का चार मोबाइल जब्त किया है। पुलिस गिरफ्त में आए बदमाशों ने मंगलवार को काली मंदिर दर्शन करने आए मामा-भांजा के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस के मुताबिक लूट के आरोप में अनिकेत बेहरा, मन हरपाल तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार देवेंद्र कुमार साहू आकाशवाणी चौक स्थित काली मंदिर में घटना दिनांक को दर्शन करने आए थे। इसी दौरान ऑटो सवार बदमाशों ने देवेंद्र के साथ मोबाइल लूट की घटना को अंजाम दिया। सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पुलिस ने नाबालिग को पकड़कर पूछताछ की, तो उसने अपने अनिकेत तथा मन के साथ लूट की घटना को अंजाम देने का अपराध कबूल किया। पूछताछ में बदमाशों ने पुलिस को बताया कि उन लोगों ने चार स्थानों पर लूट की घटना को अंजाम दिया है।

### सैनिकों ने प्याऊ खोलकर लिया जनसेवा का संकल्प



**रायपुर।** चंगोराभाठा सैनिक नगर में सेवानिवृत्त फौजियों द्वारा सार्वजनिक प्याऊघर खोलकर जल वितरण सेवा की शुरुआत की गई। इसका शुभारंभ नगर निगम सभापति प्रमोद दुबे ने किया। देशसेवा के बाद जनसेवा की इस अनूठी पहल में सैनिकों के साथ उनके परिजन भी सेवा कार्य में जुड़ने तत्पर दिखे। श्री दुबे ने कहा कि लंबे समय तक देश की सीमा में सेवा करने के बाद अब सैनिकों के जनता की सेवा करने से लोग प्रोत्साहित होंगे। इस अवसर पर फौजी बीसी ठाकुर, मूलचंद, दीपक सिन्हा, चन्द्रेश शर्मा, नागेंद्र सिंह, कुशलेश गौतम, रोहित गुप्ता, संजीव सोनी, राजेश तिवारी, अरुण बाजपेयी, विजय शर्मा, जगदीश सिंह, संजय चौबे, सूरज दुबे, राजकुमार दुबे, सुशील तिवारी, दिवाकर वर्मा, राजेंद्र पारख सहित सैनिकों के परिजन उपस्थित थे।

### बौद्ध समाज ने डीआरएम को सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** भारतीय बौद्ध महासभा, बौद्ध समाज के प्रतिनिधियों द्वारा दुर्ग के रेलवे स्टेशन में लगी संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर जी की फोटो को मुख्य टिकट निरीक्षक द्वारा 15 अप्रैल को कचरे के डिब्बे में फेंका गया है जिसके विरोध में रायपुर के डीआरएम संजीव कुमार साहू एवं डीआरएम राजेंद्र कुमार साहू को ज्ञापन सौंपा। साथ ही मुख्य टिकट निरीक्षक को निलंबित कर आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की, उन्हें यह भी अवगत कराया गया की समाज के लोगों में भारी आक्रोश है। इस पर समाज की मांग को सुनते हुए दुर्ग कार्यालय में जांच का आदेश दे दिया है, अगर एक सप्ताह के अंदर टिकक निरीक्षक पर कार्यवाही नहीं की जाती है तो समाज द्वारा उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

### वृंदावन हॉल में कवि सम्मेलन 21 को, विमोचन भी

**रायपुर।** सिविल लाइस स्थित वृंदावन हॉल में 21 अप्रैल को कवि राजेश जैन 'राही' की व्यंग्य कृति 'नाचे आम आदमी' का विमोचन किया जाएगा। साथ ही कवि सम्मेलन और विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाली विभिन्न सामाजिक संस्थाओं को 'नवरंग समाज रत्न सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। यह विमोचन मुख्य अतिथि डॉ. गिरीश पंकज, डॉ. चितरंजन कर, डॉ. मृणालिका ओझा, एम राजीव एवं संजय जैन गिड़िया द्वारा किया जाएगा। इस दौरान डॉ. गिरीश पंकज, डॉ चितरंजन कर एवं डॉ. मृणालिका ओझा अपने महत्वपूर्ण विचार रखेंगे।

## पाइप लाइन बिछाने खोदी गई सड़कों को समतल करने में बरती जा रही लापरवाही

# ठेकेदारों की लापरवाही, गड्ढों को समतल करने 3 इंच ढलाई कर रहे, बारिश में धंसेगी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

अमृत नल-जल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने खोदी गई सड़क को रेत-गिट्टी से ढलाई कर समतल करने का कार्य नवा रायपुर के कई गांवों में चल रहा है। इन कामों में अब ठेकेदारों की मनमानी और बड़ी लापरवाही देखने को मिल रही है। खोदी गई सड़क को मिट्टी से पाटने के बाद उसे समतल करने 2 से 3 इंच ही ढलाई की जा रही है, जिससे सड़क को मजबूती नहीं मिल पा रही। परिणाम स्वरूप बारिश के दिनों में इस सड़क पर गाड़ियों के गुजरते ही इसके धंसने की पूरी संभावना है। इधर इस मामले में जिला पंचायत के अधिकारी का कहना है कि नल-जल योजना में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर कोई ठेकेदार सड़क को समतल करने में लापरवाही बरत जा रहा है, तो इसकी जांच कराकर उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

नवा रायपुर के ग्राम चेरिया सहित आसपास के कई ग्रामों में अमृत नल जल योजना के तहत घर-घर पानी पहुंचाने के लिए पाइप लाइन बिछाई गई है। इस पाइप लाइन को बिछाने के लिए यहां सड़कों की खुदाई हुई थी। इन गड्ढों में पाइप लाइन बिछाये कई महीने बीत चुके हैं, वहीं गड्ढों को समतल करने का काम अब जाकर शुरू हुआ है। सूत्रों के अनुसार इन गड्ढों को समतल करने के लिए क्षेत्र के पीएचई विभाग के असिस्टेंड इंजीनियर के मार्गदर्शन में संबंधित ठेकेदार कार्य कर रहे हैं। गड्ढों को समतल करने से पहले पहले मिट्टी से पाटा गया है, जिसे अब रेत, गिट्टी व सीमेंट से ढलाई कर इसे समतल किया जा रहा है। गांव के लोगों ने बताया कि गड्ढों को समतल करने का काम खानापूर्ति है, क्योंकि इन गड्ढों में सिर्फ 2 से 3 इंच ही ढलाई की जा रही है, जिससे सड़क बहुत कमजोर बन रही है। इस ढलाई के बाद सड़क कभी भी धंस सकती है। गांव में बड़ी गाड़ियों का आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में ढलाई मजबूत नहीं होने के कारण सड़क कभी भी धंस सकती है। खासकर बारिश के दिनों में सड़क के धंसने की ज्यादा संभावना है। ऐसा हुआ तो सड़क फिर गड्ढों में तब्दील हो जाएगी।



### अभनपुर, तिल्दा, आरंग क्षेत्र के कई गांव में बरती जा रही लापरवाही

नवा रायपुर के साथ अभनपुर, तिल्दा, आरंग ब्लाक के कई गांव में पाइप लाइन बिछाने खोदी गई सड़क को समतलीकरण का काम चल रहा है। इन क्षेत्रों में भी कई गांव में खोदी गई सड़क को समतल करने में लापरवाही बरती जा रही है।

### लापरवाही दिखी तो करेंगे कार्रवाई

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में नल-जल योजनाओं के तहत पाइप लाइन बिछाने के बाद गड्ढों को भरकर सड़क को समतल करने का काम चल रहा है। ग्राम चेरिया में सड़क समतल करने में ठेकेदार लापरवाही बरत रहा है, इसकी जानकारी मिली है। संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए हैं जांच कर कार्रवाई करे।

**- विश्वदीप,** सीईओ, जिला पंचायत रायपुर

### ग्रामीण दे चुके हैं पीएचई विभाग को जानकारी

ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदारों के लापरवाही पूर्वक सड़क के समतलीकरण किए जाने की जानकारी पीएचई विभाग के अधिकारियों को दे चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी अधिकारी गड्ढों को समतल करने का किस तरह से कार्य चल रहा है, इसका निरीक्षण करने तक नहीं पहुंचे हैं। इसके कारण ठेकेदार अपना लाभ देखते हुए इन गड्ढों को समतल करने का काम कर रहा है।

### सड़क धंसी तो बारिश में ग्रामीण होंगे परेशान

ठेकेदारों की लापरवाही का दुष्परिणाम ग्रामीणों को आगामी दिनों में भुगतना पड़ सकता है। आगामी महीनों में बारिश का सीजन शुरू होगा। ऐसे में अगर समतल की गई सड़कें धंसेगी तो इससे ग्रामीणों की परेशानी बढ़ जाएगी। बारिश के दिनों में वैसे ही सड़कों का काम नहीं होता। ऐसे में ग्रामीणों को सीजनभर गड्ढों के कारण परेशान होना पड़ेगा।

## एनएमसी ने सभी मेडिकल कालेजों ने मांगा स्टाइपेंड दिए जाने का ब्योरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के आधार पर मांगी गई जानकारी

छत्तीसगढ़ समेत देश के तमाम मेडिकल कालेज, चिकित्सा संस्थानों, सुपर स्पेशलिटी हास्पिटलों को संस्थान में दिए जाने वाले स्टाइपेंड का ब्योरा देना होगा। अनियमितता के संदेह और स्टाइपेंड नहीं दिए जाने संबंधी याचिका के आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश जारी कर 23 अप्रैल तक जानकारी प्रेषित करने कहा है। जानकारी के मुताबिक एक आर्मी मेडिकल कालेज के छात्र को स्टाइपेंड नहीं दिए जाने की याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग से पूरे देश के मेडिकल कालेज में चिकित्सा छात्रों को दिए जाने वाले स्टाइपेंड का ब्योरा मांगा है। इस आधार पर एनएमसी की ओर से सार्वजनिक रूप से नोटिस जारी कर 23 अप्रैल को इससे संबंधित जानकारी सभी मेडिकल कालेज, सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल सहित चिकित्सा संस्थानों को प्रेषित करने कहा गया है। मेडिकल कालेज से संबंधित अस्पताल, चिकित्सा संस्थान तथा सुपर स्पेशलिटी हास्पिटलों में एमबीबीएस वाले इंटर्न, पीजी कोर्स वाले सीनियर, जूनियर रेजिडेंट्स तथा सुपर स्पेशलिटी हास्पिटलों में एमसीएच कोर्स वाले छात्रों को स्टाइपेंड दिया जाता है।

### मोबाइल किस्त पटाने के विवाद पर टीवी तोड़ा

**रायपुर।** खमतराई थाना में एक मोबाइल दुकान के संचालक ने एक युवक के खिलाफ मोबाइल किस्त पटाने के विवाद पर 35 हजार रुपए कीमत का टीवी तोड़ने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक खगेंद्र ने कुंदन दीक्षित के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। खगेंद्र ने पुलिस को बताया है कि कुंदन ने उसकी दुकान से चार माह पूर्व फाइनेंस में मोबाइल खरीदा था। किस्त नहीं पटाने की वजह से फाइनेंस कंपनी ने कुंदन का मोबाइल लॉक कर दिया। इससे नाराज होकर कुंदन खगेंद्र की दुकान में पहुंचा और मोबाइल लॉक होने की बात को लेकर विवाद करते हुए दुकान में लगे एलईडी टीवी को तोड़ दिया।

## दो अलग-अलग मामलों में 70 किलो गांजा जब्त

■ गांजा तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने तीन तस्करों को किया गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ एक अन्य मामले में तस्कर गांजा को ओडिशा से गुजरात ले जा रहे थे

राजधानी पुलिस ने निजता अभियान के तहत तीन गांजा तस्करों के कब्जे से 70 किलो गांजा जब्त किया है। जब्त गांजा की कीमत सात लाख रुपए से ज्यादा आंकी गई है। एक तस्कर कार से तस्करी कर खपाने के लिए गांजा लाया था, जबकि एक अन्य मामले में गिरफ्तार गांजा तस्कर ओडिशा से गांजा तस्करी कर गुजरात, सूरत ले जा रहा था। पुलिस को चकमा देने गांजा तस्कर मंदिर हसौद रेलवे स्टेशन पर उतरकर सड़क के रास्ते जाने की फिराक में था। पुलिस ने तीनों गांजा तस्करों को मुखबिर की सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में ओडिशा, गंजाम निवासी संतोष उर्फ हाडू बंधु बेहरा, सागर जेना के कब्जे से 31 किलो गांजा जब्त किया है। संतोष और उसका दूसरा साथी कार से गांजा तस्करी कर लाए थे। पुलिस के अनुसार पकड़े गए दोनों आरोपी लंबे अरसे से सरस्वती नगर इलाके में किराए के मकान लेकर रह रहे थे। संतोष और उसका साथी यहां रहकर स्वयं के साथ अन्य लोगों के माध्यम से कमीशन पर गांजा बिकवाने का काम करते थे।

### ट्रेन रूट से गांजा तस्करी

एक अन्य मामले में मंदिर हसौद थाने की पुलिस ने ओडिशा, राजा खरियार निवासी नरेश निहाल के कब्जे से 40 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस के अनुसार नरेश गांजा को तस्करी के माध्यम से गुजरात, सूरत में डिलीवरी देने के लिए जा रहा था। रेलवे स्टेशन पर जांच में पकड़े जाने की आशंका पर नरेश मंदिर हसौद रेलवे स्टेशन से उतरकर सड़क के रास्ते गांजा ले जाने की फिराक में था।

## चौराहों पर नियम के पेंच में फंसा शेड, धूप से बचने जेब्रा क्रांसिंग-रेलवे फाटक के पास लोग तलाश रहे छांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

झुलसाने वाली धूप ने अप्रैल में असर दिखाना शुरू किया है। वहीं चौराहों से आने-जाने के लिए लेफ्ट व राइट टर्न के लिए बनाई गई व्यवस्था फेल होने लगी है। ज्यादातर दोपहिया चालकों के चौराहों पर रेड सिग्नल को जम्प करने से बचाने के लिए जेब्रा क्रासिंग बनवाया है, लेकिन दोपहिया चालक वहां तक जाने के बजाय धूप में खड़े होने से बचने के लिए आसपास पेड़ की छांव तलाशने लगे हैं। इससे जिन्हें सिग्नल पार नहीं करना है, ऐसे दोपहिया चालकों को भी आने-जाने में परेशानी होने लगी है। रेलवे फाटक बंद होने से डब्ल्यूआरएस, कचना, उरकुरा, संन्यासी पारा में सुकून की छांव तलाशनी पड़ रही है।

राजधानी में वाहन चालकों की सुविधा के लिए चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस ने लेफ्ट व राइट टर्न के लिए सिस्टम बनाया है। यह प्रयोग समय और ईंधन बचाने के लिए किया गया। इसके बाद उत्तर विधानसभा क्षेत्र में विगत 5 साल में कई चौराहों पर लोगों को मौसम की मार से बचाने के लिए विधायक निधी का इस्तेमाल करते हुए 75 लाख से ज्यादा फंड खर्च करके शेड का निर्माण करवाया गया है। कलेक्टोरेट चौक व पंडरी चौक के लिए प्रक्रिया होने के बाद आपत्ति के कारण शेड निर्माण अटका है। इससे लोगों को लाखों खर्च करने के बाद भी अधूरी सुविधा मिल रही है। इसका असर ट्रैफिक पर भी पड़ने लगा है। कई स्पाट ऐसे हैं, जहां लोग धूप से बचने के लिए छांव में दोपहिया लेकर खड़े हो जाते हैं। इससे जिन्हें लेफ्ट और राइट टर्न लेना होता है, वे भी फंसते हैं।

### राजधानी का टेम्प्रेचर 40 डिग्री पार होते ही लेफ्ट व राइट टर्न में बन रहे रोड़ा




### इन स्थानों पर मंजूरी के बाद रुका काम

निगम सूत्रों ने बताया कि राजभवन से कलेक्टोरेट पहुंच मार्ग पर सिग्नल के पास शेड लगाने के लिए मंजूरी मिलने के बाद नियम का पेंच फंसा। इस वजह से अम्बेडकर अस्पताल चौक से पंडरी जाने वाले रूट पर खालसा स्कूल चौक के पास शेड लगाने का काम शुरू नहीं हो पाया है। इस प्रक्रिया में नियम का पेंच फंसने से 6 चौराहों पर 8 शेड निर्माण पर एक करोड़ 20 लाख से ज्यादा बजट खर्च करने के बाद आपत्ति आने पर नियम की जांच हुई। इससे लोगों की सुविधा के लिए सभी चौराहों पर शेड निर्माण का प्लान भी फेल हुआ। जिन स्थानों पर लगाने स्वीकृति मिली, उसे भी रोका गया।

### पहले दिया फंड, अब नियम का अड़ेगा

जिला प्रशासन व निगम सूत्रों ने बताया कि पूर्व में विधायक निधी से चौराहों पर शेड बनाने के लिए विधायक निधी के तहत फंड जारी किया गया। इससे कलेक्टोरेट चौक, देवेन्द्र नगर चौक, फाफाडीह चौक, मरीन ड्राइव चौक, शंकर नगर चौक, भगत सिंह चौक पर आधा-अधूरा शेड निर्माण हुआ है। इन चौराहों पर बचे हुए रूट पर शेड निर्माण के लिए बनाई गई कार्ययोजना फंड को नियम विरुद्ध खर्च करने का पेंच फंसने से आगामी कार्रवाई भी अटक गई है। इससे लोगों को जहां अधूरी सुविधा मिल रही है, वहीं कई स्थानों पर इसकी वजह से लोगों की आवाजाही भी प्रभावित होने लगी है।

### राहत की छांव से लेफ्ट-राइट टर्न बेकार

कलेक्टोरेट चौक पर राजभवन रूट से आने वाले ही नहीं, बल्कि ऑक्सीजोन से राजभवन जाने के लिए रेड सिग्नल होने पर लोग मल्टीलेवल पार्किंग की छांव में दोपहर 1 बजे तक रुकते हैं। इससे लेफ्ट व राइट टर्न का उपयोग करने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लोग अक्सर इन स्थानों पर एक-दूसरे से विवाद करते भी नजर आते हैं। इसी तरह देवेन्द्र नगर चौक पर अम्बेडकर अस्पताल से केनाल रोड के रास्ते मौदहापारा और स्टेशन रोड जाने वाले भी छांव में खड़े होने वाले लोगों को हार्न देकर हटाने की स्थिति में आपस में उलझते हैं। अधूरे निर्माण से यह स्थिति बन रही है।

## 19 अप्रैल को होना है प्रथम चरण का मतदान

# छत्तीसगढ़ के सात पड़ोसी राज्यों के नौकरी पेशा और कामकाजी मतदाताओं को वोटिंग के लिए मिलेगी छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए राज्य के मतदाताओं को लोकसभावार सीट वार मतदान के दिन वोटिंग के लिए अवकाश मिलेगा। साथ ही छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्यों आंध्रप्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, झारखंड और तेलंगाना के लोग जो यहां रहते हैं और नौकरी करते हैं उन्हें भी उनके राज्य में मतदान करने जाने के लिए अवकाश दिया जाएगा। यही नहीं छत्तीसगढ़ के लोग जो इन सात सीमावर्ती राज्यों में रहते हैं, उन्हें भी मतदान के लिए इस प्रकार सुविधा दी जाएगी। छत्तीसगढ़ सरकार के श्रम विभाग ने इस संबंध में एक अधिसूचना का प्रकाशन कराया है। इसमें कहा गया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत मतदान के दिन कर्मचारियों को सवेतन अवकाश की मंजूरी का प्रावधान है। प्रथम चरण के लिए 19 अप्रैल, द्वितीय चरण के लिए 26 अप्रैल, और तीसरे चरण के लिए 7 मई को को राज्य शासन द्वारा संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सवेतन अवकाश दिया जाएगा।

### इन राज्यों के कर्मियों को मिलेगी छुट्टी

छत्तीसगढ़ की सीमा से लगने वाले राज्य आंध्रप्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, झारखंड और तेलंगाना के राज्य के बहुत से मतदाता जो छत्तीसगढ़ में निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कोराबार, व्यावसाय में नियोजित हैं, उन लोगों को उनके गृह राज्य में मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाएगा। आंध्रप्रदेश में एक चरण में 13 मई को, ओडिशा में चार चरणों में 13 मई,20 मई, 25 मई, और 1 जून को मतदान होगा। महाराष्ट्र में पांच चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई, और 20 मई को, मध्यप्रदेश में चार चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई, और 13 मई को, उत्तर प्रदेश में सात चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई, और 1 जून को,झारखंड में चार चरणों में 13 मई 20 मई, 25 मई, और 1 जून तथा तेलंगाना में 13 मई को एक चरण में चुनाव होगा।

### राज्य के इन कर्मियों को भी मतदान के लिए अवसर

साथ ही ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते हैं, वहां प्रथम पाली एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के लिए दो-दो घंटे का अवकाश घोषित किए जाने तथा जो कारखाने जो निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आते हैं, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी बारी से मतदान करने की सुविधा दी जाएगी।

### दूसरे प्रदेश में छत्तीसगढ़ के निवासियों को भी छुट्टी

छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने बताया कि जिस प्रकार छत्तीसगढ़ में रहने वाले दूसरे राज्यों के कर्मियों को उनके राज्य में मतदान के लिए अवकाश दिया जा रहा है, उसी तरह इन सात राज्यों में रहने वाले छत्तीसगढ़ के लोगों को भी मतदान के लिए अवकाश दिया जा रहा है। ऐसा करने के पीछे उद्देश्य है कि सीमावर्ती राज्यों में रह रहे लोगों को भी वोट देने का अवसर मिले और मतदान का प्रतिशत भी बढ़े।

### अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ

**रायपुर।** अल्ट्राटेक सीमेंट,(बैकुंठ सीमेंट वर्क्स) में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ 15 अप्रैल को ध्वजा रोहण से किया गया। कार्यक्रम में अग्नि शमन सेवा सप्ताह के महत्व, उद्देश्य एवं इसके पालन की आवश्यकता के बारे में सभी को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में इस सप्ताह में होने वाले कार्यक्रमों के बारे में तथा नुक्कड़ के माध्यम से लोगो को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया तथा अग्नि सेवा एवं संयंत्र की सुरक्षा में सक्रिय योगदान देने वाले कर्मियों को पुरुष्कृत किया गया। मुख्य सुरक्षा एवं अग्नि सुरक्षा अधिकारी श्री सुशांता कुमार मोहापात्रा ने सभी कामगारों भाईयो से अग्नि सुरक्षा से संबंधित नियमो के पालन के लिए अनुरोध किया एवं विश्वाश दिलाया कि सुरक्षा विभाग संयंत्र एवं आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले किसी भी अग्नि दुर्घटना का सामना करने के लिए सदैव तत्पर रहेगा।

## खबर संक्षेप

### आज बेमेतरा में जनसंपर्क करेंगे सांसद विजय बघेल



**भिलाई।** लोकसभा चुनाव को लेकर दुर्ग सांसद विजय बघेल ने जनसम्पर्क अभियान की शुरूआत कर दी। शुक्रवार 19 अप्रैल को सांसद विजय बघेल बेमेतरा में जनसंपर्क करेंगे। सुबह 11 बजे से खिसोरा, परपोड़ी, मोह भट्टा, गनियारी, खम्हरिया, सिंघोरी में जनसम्पर्क करेंगे। क्षेत्र वासियों से मिलेंगे और गांव में चौपाल लगाएंगे। दोपहर में भोजन के बाद फिर से जनसम्पर्क यात्रा की शुरुआत ग्राम निनवा, बैजलपुर, खिलोरा, अमोरा, मटका, जिया और ग्राम कुसमी में यात्रा का समापन किया जाएगा।

### सफल व असफल दोनों विद्यार्थी मंजिल पथ पर चुनौती स्वीकारें

**जामगांव आर।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जामगांव आर में परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमे कक्षा 9 वी में प्रथम डिंपल साहू 96.16 प्रतिशत, द्वितीय दोमेश ठाकुर 96 प्रतिशित, तृतीय मांशी चंद्रवंशी 94.33 प्रतिशत रहे। इसी प्रकार कक्षा 11वीं कामर्स में चेतिका साहू, द्वितीय रुद्राक्ष शुक्ला और तृतीय वाणी साहू रहे। विज्ञान समूह में प्रथम आस्था चंद्राकर और भेनु देवांगन, द्वितीय दाक्षी चंद्राकर, तृतीय हिमांशु कोठरी और दिव्यांशु चंदेल रहे। गणित समूह में प्रथम विनीता साहू, द्वितीय भूमिका चंद्राकर और तृतीय स्थान पर यामिनी साहू ने प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किए।

परिणाम मेहनत का दर्पण है: प्राचार्य राजेश पिल्लई ने कहा कि परीक्षा परिणाम मेहनत का दर्पण होता है जिसमे मेहनत के अनुरूप परिणाम का प्रतिशत नजर आते हैं, परिणाम भविष्य का रोडमेप भी तैयार करती है। सफल विद्यार्थी अतिउत्साहित नही होवे और असफल विद्यार्थी नर्भस भी नहीं होवे क्योंकि दोनो के सामने आगे बढ़ने की चुनौती है। सफल और अधिक सफल होने के लिए और असफल लोग असफलता ही सफलता की कुंजी है।

**पर्व : नगर भ्रमण के दौरान समाज प्रमुखों ने जगह-जगह किया स्वागत, बांटा स्वल्पाहार**

# रामनवमी पर फूलों से सजे रथ पर प्रभु श्रीराम की निकली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राम जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में गुरुवार को प्रभु श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई । शोभायात्रा का शुभारंभ शाम 7 बजे मां भद्रकाली मंदिर प्रांगण से हुआ। शहर को भगवा ध्वज और तोरण से सजाया गया । शोभायात्रा की भव्यता के लिए राम दरबार रथ, जस झांकी, धुमाल, डीजे सिस्टम समेत अन्य कार्यक्रमों को शामिल किया गया है। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू, पूर्व नपाध्यक्ष विजय सिन्हा, नीतू कोठारी, प्रनीष रजक, विजय सुखवानी, अमरिका निर्मलकर, आदित्य राजपूत, दिनेश सिन्हा, सुनील खियलानी, हर्ष तिवारी, बसंत राजपूत, सुरेश साहू, नरेश साहू, हरि साहू, रामप्रकाश देवांगन, राजू साहू, विकास तंबोली, सोनू राजपूत, कमल चंदेल, लोकेश राजपूत, राजकुमार चौहान समेत रामभक्त शामिल हुए ।

■ जस झांकी रही आकर्षण का केंद्र, डीजे धुमाल पर थिरकते रहे युवा

**भक्तों ने राम दरबार की आरती उतारकर लिया आशीर्वाद-** शोभायात्रा निकालने के पूर्व मां भद्रकाली मंदिर प्रांगण में गुरुवार को प्रभु श्री राम की सुंदर प्रतिमा की स्थापना कर महाआरती का आयोजन किया गया । शुक्रवार को फूलों से सजे रथ में प्रभु श्रीराम की प्रतिमा को विराजमान कर शोभायात्रा निकाली गई । इसके अलावा रथ में राम दरबार मे प्रभु श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान विराजमान थे। शोभायात्रा के दौरान यात्रा के मार्ग पर जगह-जगह भक्तों ने राम दरबार की आरती उतारकर आशीर्वाद लिया ।

भक्तों ने राम दरबार की आरती उतारकर लिया आशीर्वाद



**इन मार्गों से होकर गुजरी शोभायात्रा-** प्रभु श्री राम की पूजा अर्चना कर शहर के मां भद्रकाली मंदिर प्रांगण से शोभा यात्रा का शुभारंभ होगा, जो नयापारा, गस्ती चौक, पुराना बस स्टैंड, परशुराम चौक होते हुए राम मंदिर प्रांगण में समापन होगा । शोभायात्रा के मार्ग में स्वागत द्वार बनाए गए हैं । शोभायात्रा के मार्ग पर साफ सफाई और पानी का छिड़काव नगर पालिका प्रशासन की ओर से किया गया । सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के।मद्देनजर पूरी शोभायात्रा के दौरान पुलिस के जवान तैनात रहे ।

**समाज प्रमुखों ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत-** शोभायात्रा का नगर भ्रमण के दौरान समाज प्रमुखों की ओर से शहर के चौक चौराहों में शोभायात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया । जिसमें पंजाबी समाज, ब्राह्मण समाज, सिंधी समाज, मुस्लिम समाज, राजपूत समाज, देवांगन समाज, साहू समाज, सिन्हा समाज, मेहर समाज, धोबी समाज।समेत अन्य समाज के लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया । यात्रा में शामिल लोगों के लिए फल, शीतल पेय, पानी पाउच, शर्बत आदि की व्यवस्था की गई थी ।

## महाष्टमी में किया 108 प्रकार की औषधि से महाहवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला



माँ महामायाधाम हसदा में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर आयोजित शतचंडी महायज्ञ में अष्टमी विशेष में यज्ञाचार्य पतरूण शास्त्री के नेतृत्व में प्रातः काल महागौरी देवी की पूजा और गौरी माता का अर्चन किया गया। इसके पश्चात अन्नपूर्णा रूप में अन्न से विशेष अर्चन पार्थिव शिवमहाअभिषेक में किया गया। साथ ही सायंकाल संपूर्ण दुर्गा सप्तशती के माध्यम 108 प्रकार के औषधि से महाहवन किया गया। सर्वजन हितार्थ के माध्यम से जनकल्याण के लिए रोगनाशक हवन, आयु वृद्धिकारक हवन, सौभाग्यदायक हवन, धनवृद्धि कारक हवन तथा भगवती महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती की महामंत्र नवर्ण मंत्र से हवन किया गया। दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। भक्त जसगीत के माध्यम से देवी मां की आराधना करते रहे। हवन पश्चात छप्पन भोग मां को अर्पण किया गया। नवमी में पूर्णाआहुति अभिजीत मुहूर्त में हुआ और देव विदाई पश्चात ज्योति कलश विसर्जन किया गया। पश्चात विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। माँ महामाया सेवा समिति के अध्यक्ष भगवती परगनिहा ने कार्यक्रम में अपने तन, मन, धन से श्रद्धा पुष्प समर्पित कर मां की सेवा में सेवारत सभी सेवादारों ग्रामवासियों एवं मुख्य यजमानों सहित समस्त ग्रामवासी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सचिव दिनेश वर्मा, ब्रम्हांद वर्मा, तुलाराम पाल, शत्रुहन पाल, रामखिलावन वर्मा, सुदामा पाल, जनकु सिन्हा, महादेव सिन्हा, भूषण वर्मा, भुप्पपु वर्मा, नारंतक पाल, धनेशवर साहू, निलेश परगनिहा, राजू साहू, देवलाल सिन्हा, राजकुमार परगनिहा, प्रकाश वर्मा, संध्या परगनिहा, मदन सिंहा, अनिल वर्मा, अवध नायक, अवध नायक, ओम सिन्हा, रविंद्र वर्मा, प्रवीन वर्मा, हरीराम साहू, विनय वर्मा, संतोष साहू, शंभू साहू, पंड़ा परमानंद वर्मा,अवध छेदैया, जनक निर्मलकार, निलेश परगनिहा, भूपेंद्र परगनिहा, दुर्गेश साहू, सतीश शर्मा, आदित्य वर्मा, दीपक वर्मा, विनय वर्मा, शेखर सिन्हा, महेश साहू आदि का सहयोग रहा।

■ अभिजीत मुहूर्त में देव विदाई पश्चात ज्योति कलश विसर्जन व विशाल भंडारा का आयोजन

## सुख-शांति और समृद्धि की कामना करते हुए मनाया राम जन्मोत्सव



**बेरला।** ग्राम सुरहोली में रामनवमी को मां शीतला मंदिर प्रांगण में सात बार हनुमान चालीसा पाठ कर श्रीराम की पूजा अर्चना कर गांव में सुख शांति और समृद्धि की कामना करते हुए राम जन्म उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर प्रसाद वितरण कर आतिस बाजी भी किया गया। राम जन्म उत्सव समिति के राकीराज वर्मा जनसेवक ने बताया कि हम रामजन्म उत्सव विगत कई वर्षों से मनाते आ रहे हैं। हर वर्ष श्री राम जी की पूजा अर्चना कर गांव की सुख शांति समृद्धि की कामना के लिए प्रभु श्री राम जी से प्रार्थना करते हैं। इस अवसर पर धनंजय साहू, प्रहलाद वर्मा जनसेवक, रज्जू वर्मा, गोलू वर्मा, डोमेंद्र साहू, बब्बू चौहान, हितेश पाटिल, राजकुमार वर्मा, सूरज वर्मा, मनोज चौहान, शोमकांत वर्मा, राहुल वर्मा, कुणाल वर्मा, डब्बू वर्मा, कुलेश्वर साहू, श्यामा वर्मा, हेमलता वर्मा, पूजा साहू, माहेश्वरी साहू, देव रावत, कान्हा साहू, गोपू साहू एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित होकर प्रभु श्रीरामजी से आशीर्वाद लिया।

# ईवीएम सीलिंग महत्वपूर्ण कार्य प्रशिक्षण को गंभीरता लें : कलेक्टर




ज़िले के ईवीएम सीलिंग दलों व सेक्टर ऑफ़िसर्स को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के लिए ईवीएम को सीलिंग कर तैयार करने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 68 साजा, 69 बेमेतरा और 70 नवागढ़ के लिए अलग-अलग दलों का गठन किया है। गुरूवार को ज़िला पंचायत के सभागार में तीनों विधानसभा क्षेत्र के सीलिंग दलों को तीन पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर जिला मास्टर ट्रेनर डी.आर.साहू, अनिल वर्मा और ईश्वर साहू ने पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट व वीवीपैट को तैयार करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचन्द्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर डॉ.अनिल बाजपेयी,उप ज़िला निर्वाचन अधिकारी गुड्डु लाल जगत सहित सभी संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। मास्टर ट्रेनरों ने मशीनों को आपस में जोड़ने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बैलेट यूनिट नंबर दो का केबल बैलेट यूनिट वन से, बैलेट यूनिट वन का केबल वीवीपैट से और वीवीपैट का केबल कंट्रोल यूनिट में जाकर लगेगा। इसके बाद मॉकपोल करना होगा। प्रक्रियाओं को प्रैक्टिकल कर सिखाया मॉकपोल के बाद कंट्रोल यूनिट से मतों को डिलीट करना और वीवीपीएटी के ड्रॉप बाक्स को खाली भी करना होगा। इन सभी प्रक्रियाओं को मास्टर ट्रेनर ने प्रैक्टिकल कर सिखाया और सीलिंग दलों के सभी सदस्यों ने भी स्वयं प्रैक्टिकल किया। इस बार सीलिंग कार्य में महिला अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। उन्हें सभी प्रक्रियाओं के बारे में विशेष रूप जानकारी देते हुए उनके सभी संदेहों का मास्टर ट्रेनर द्वारा समाधान किया गया।

**समय के साथ होता है बदलाव, इसलिए अपडेट रहना जरूरी-** प्रशिक्षण की शुरुआत में कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान किसी तरह की समस्याएं हो, उसे प्रशिक्षण के दौरान दूर कर लें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के तकनीक और सिस्टम में समय के साथ बदलाव होते रहे हैं । इससे प्रशिक्षण की आवश्यकता और महत्व बढ़ा है। प्रशिक्षक एवं मतदान कर्मियों को अपडेट रहना और करना आवश्यक समझा गया। प्रशिक्षण इसलिए दिया जा रहा है।

**प्रशिक्षण से मतदान प्रक्रिया में होती है आसानी-** मतदान प्रक्रिया में आसानी प्रशिक्षण से होती है। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश किए जाने पर तकनीक के माध्यम से उन पर प्रशासन की नजर रहती है ।जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर ने प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम वीवीपैट की कार्यप्रणाली, मतदान के दिन प्रपत्रों व लिफाफे का संधारण, मॉकपोल, ईवीएम वीवीपट को खोलने व सील करने की तरीका, ईवीएम सीलिंग आदि के संबंध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षित विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण में मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण देंगे। सीईओ श्रीमती मंडावी और डॉ. बाजपेयी ने निर्वाचन संबंधी व्यावहारिक बारीकियाँ बतायी।

# बच्चों ने निबंध, कविता व चित्रकला के माध्यम से दिखाई प्रतिभा






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कलेक्टर ने कार्यक्रम में बच्चों से सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे। बच्चों ने सही जवाब दिये। कलेक्टर ने बच्चों को पोयम सुनाई। उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चों के साथ तस्वीर भी खिंचवाई । उन्होंने कहा कि प्रेरणा एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। सर्वोत्तम श्रेणी की तकनीक के साथ छात्रों के लिए एक अनुभवात्मक और प्रेरणा दायक शिक्षण कार्यक्रम है जहां विरासत और नवाचार का मिलन होता है। इस कार्यक्रम में भारत के प्रत्येक जिले के दो विद्यार्थी (1 बालक एवं 1 बालिका) को चयनित कर शामिल किया जाना है। एक महिला अभिभावक शिक्षक को भी इस कार्यक्रम में शामिल होना है। प्रेरणा कार्यक्रम मेहसाणा जिले के वडनगर शहर में आयोजित होगा। यह प्रायोगिक ज्ञान पर आधारित एक सप्ताह का आवासीय प्रशिक्षण होगा।इसलिए पूरी तैयारी करें। ज़िले में प्रेरणा में पंजीकरण के लिए ज़िले के 206 शासकीय व अशासकीय विद्यालयों की कक्षा 9वीं से 12वीं तक के 1787 के छात्रों ने पोर्टल पर अपना पंजीयन किया था। पंजीयन की आख़िरी तारीख़ 31 मार्च 2024 थी। तीन चरणों में कड़ी स्पर्धा के बीच एक-छात्र और एक छात्रा का चयन किया जाएगा । विद्यार्थियों को तीनों चरण में विभिन्न विषय-प्रतियोगिता से गुजरे हैं। अब ज़िले से सिर्फ़ एक-छात्र और छात्रा चयन होकर गुजरात राज्य के मेहसाणा जिले के वडनगर शहर में आयोजित प्रेरणा कार्यक्रम में ज़िले का प्रतिनिधित्व करेंगे। तीसरे चरण में विद्यार्थियों को रचनात्मक व क्रियात्मक अभिव्यक्ति के लिए थीम दिया गया था,प्रथम मुझे प्रेरणा की यात्रा के लिए क्यों चुना जाना चाहिए व द्वितीय मेरा दृष्टिकोण-2047, विकसित, भारत विषय था।

■ जवाहर नवोदय विद्यालय में जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव का हुआ आयोजन

### दो विद्यार्थियों का किया गया चयन

बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं निबंध, कविता, चित्रकला के आधार पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों की प्रतिभाओं के मूल्यांकन के लिए विभिन्न मूल्यांकन समितियों का गठन किया गया। सभी प्रतियोगिता में चयनित 412 छात्र- छात्राओं का "व्यक्तिगत वार्ता" के तहत "व्यक्तित्व और सांस्कृतिक जागरूकता" का परीक्षण किया गया । कुल तीन राउंड में यह चयन समिति द्वारा चयन किया गया, इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दो विद्यार्थियों का चयन किया जिन्हें गुजरात के अहमदाबाद जिले के वडनगर स्थित प्रेरणा स्कूल में जाने का सौभाग्य प्राप्त होगा। सभी 412 चयनित छात्र छात्रों को अथितियों व संस्था प्राचार्या द्वारा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित भी किया गया। विशिष्ट अथिति सीईओ जिला पंचायत श्री टेकचंद अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर टी.आर .महेश्वरी, एवं जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे, एल .जायसवाल प्राचार्य डीएवीएमपी ,एस जांता, मधु पोरला प्रेरणा डायरेक्टर, पंकज जोशी प्राचार्य एकेडमिक, जेके घृतलहरे डाइट प्रचार्य उपस्थित थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्या लक्ष्मी सिंह ने की।




## गुनरबोड़ स्कूल में शुरू हुआ समर कैंप

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला गुनरबोड़ में गुरुवार से समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 18 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा। इसमें बच्चों को चित्रकला, रंगोली, मेहंदी, मिट्टी के खिलौने बनाना, रंगाई, ड्राइंग, पेंटिंग, गणित का जादू, अंताक्षरी, बाल गीत, कहानी निर्माण, नृत्य आदि सिखाया जा रहा है। साथ ही बच्चों को खेल आधारित गणित, हिंदी एवं अंग्रेजी शिक्षण भी कराया जा रहा है। प्रथम दिन से ही समर कैंप में अधिक संख्या में बच्चों ने उपस्थिति दर्ज कराई। बच्चे बहुत ही रुचि के साथ इस समय कैंप में भाग ले रहे हैं। बच्चों का उत्साह देखते ही बनता है। शाला के बच्चों के साथ ही गांव में उपस्थित अन्य बच्चों को भी सम्मिलित करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रथम दिन बच्चों में काफी उत्साह रहा। आज अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की सदस्य श्रेष्ठा ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर बच्चों को विभिन्न गतिविधियां करा कर उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही बच्चों को प्रेरित भी किया और कहा कि कल से समर कैंप में अपने दोस्त भाई बहन को भी साथ लेकर आए। यह आयोजन शाला के प्रधान पाठक ललित निर्मलकर की अनुमति से शिक्षिका विधि शर्मा द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

